श्री एस. एस. अहलुवालिया : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि जिन कारणों से यह आर्म्ड फोर्स स्पेशल पावर एक्ट वहां लगाया गया था, क्या वे कारण वहां अभी भी विद्यमान है और भाग "ख" में पूछना चाहूंगा कि क्या इस आर्म्ड फोर्स स्पेशल पावर एक्ट के माध्यम से या इन की वहां पर उपस्थिति व कार्यवाही होने से क्या और भी बहुत सारे कारण पैदा हो गए है? क्या इस बारें में कोई समीक्षा हुई है ? अगर हुई है तो माननीय मंत्री जी कृपया सदन को बताने का कष्ट करें ।

श्री शिवराज वी.पाटिल : महोदय, समीक्षा तो यही है कि यह मामला बहुत दिनों से चल रहा है और मणिपुर हमारी सरहद पर स्थित एक प्रांत है और मणिपुर या सरहद पर स्थित दूसरे प्रांतों में कुछ लोग हथियारों की मदद से लोगों के मन में डर पैदा करना चाहते है और कुछ लोग गलतफहमियां फैलाकर लोगों के मन में डर पैदा करना चाहते हैं और कुछ लोग कानून नहीं है,ऐसा कहकर काम करते है । महोदय, कुछ लोग उस की मुखालफत इसलिए करते है कि वहां जो कानून है, उस कानून की वजह से यह हो रहा है । इन सारी परिस्थितियों को ध्यान में रखकर निर्णय करना जरूरी है । मगर मै आप को यह कहना चाहूंगा कि मणिपुर की परिस्थिति के बारें में जिस प्रकार से लिखा गया है या बोला गया है या प्रकट किया गया है, वैसी परिस्थिति वहां नहीं, है । महोदय, उस का एक ही उदाहरण है कि वहां जो पीछे घटनाएं हुई हैं, उस संबंध में कुछ लोगों ने कहा है कि वह जल रहा है, लेकिन वह जल तो नहीं रहा है। यह बड़ी खुशी की बात है और उस के लिए हम वहां के लोगों को धन्यवाद देते है। वहां पर कोई बुलैट फायर नहीं किया गया, किसी को जेल में नहीं रखा गया, किसी के साथ जबर्दस्ती नहीं की गयी है आज की परिस्थिति में वहां की हालत सुधरी हुई नजर आती है । अगर हम गए 50 साल की हालत पर विचार करें तो हम कह सकते हैं कि वहां परिस्थिति आहिस्ता-आहिस्ता सुधरती नजर आ रही है, बिगड़ती हुई नजर नहीं आ रही है।

Protection of the domestic silk industry

*302. SHRIMATI S.G. INDIRA:†
SHRIMATI BIMBARAIKAR:

Will the Minister of TEXTILES be pleased to state:

(a) whether the Government are aware that the Chinese are using new methods to dump their silk into this country;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether it is also true that due to dumping of silk by the Chinese, the domestic silk industry has been affected drastically; and

†The question was actually asked on the floor of the House by Shrimati S.G. Indira.

(d) if so, the steps taken by Government to protect domestic silk industry?

THE MINISTER OF TEXTILES (SHRI SHANKERSINH VAGHELAV (a) to (d) A Statement is laid on the Table of the House.

Statement

(a) to (c) Yes, Sir. There has been a significant increase in imports of raw silk and silk fabric from China. From 2001-2002 to 2003-2004 raw silk imports have risen by 74.8% and silk fabric by 1571.8% These imports have come in at prices lower than the domestic prices, causing distress to domestic industry.

(d) Major steps taken by the Government of India to protect domestic silk industry are given below:—

(i) Antidumping duty has been imposed by the Government of India with effect from 2nd January, 2003 on all imported mullberry
raw silk (not thrown) of international grade 2A and below, originated in or exported from People's Republic of China, so as to keep the landed value of these goods at US$ 27.97 per kg.

(ii) Tariff barriers to imports have been readjusted. In the Union budget of 8th July, 2004 the Finance Minister has declared an effective import tariff, including CVD and cess, on silk yarn and silk fabric of 30.192%. Duty on import of silk worm cocoon and raw silk has been kept at 30%.

(iii) Several programmes and schemes to increase the quality, productivity and the competitiveness of the domestic silk industry have been instituted. The import ones are:—

* Research and Development efforts of Central Silk Board have been stepped up to improve quantity and productivity of sericulture, by evolution of more productive and stress tolerant breeds and hybrids of mulberry and non-mulberry food plants and silkworms; and development of low cost reeling and processing technologies in silk;

* Seed Support & Technical Assistance is being given by the Central Silk Board to State Governments, farmers & reelers

by maintenance of parent races and basic seed, supply of commercial seed, and augmentation of grainage facilities for production of disease free high yielding and drought resistant seeds;

* Central assistance is being extended to states through Centrally Sponsored & Central sector schemes to strengthen farm infrastructure, increase area under sericulture, upgrade reeling facilities, improve finishing processes, strengthen seed supply cocoon & silk testing systems;

* Low cost and productivity enhancing technologies developed by the Central Silk Board are being popularized through central assistance to beneficiaries, training to the States' extension machinery and beneficiaries, organizing of various awareness programmes, etc;

* For technology upgradation of the indigenous silk industry loan at 5% point less than the applicable bank rate, under the Technological Upgradation Fund Scheme (TUFS) is available *inter alia* to silk sector.

* Under the Swarnjayanti Gram Swarojgar Yojana (SGSY) of the Ministry of Rural Development financial assistance is being provided to various States for implementation of sericulture projects of all varieties of silk with the technical assistance of CSB;

* Supply chain issues between the farmers, raw silk producers and the weavers are being addressed by advocating contract farming models, price linked grading, etc.

* Establishing quality certification systems for silkworm seeds, cocoons, yarn and fabric.

* An amount of Rs. 450 crores has been provided in the Tenth Plan for the Sericulture sector to support the above strategy & programmes;

* Export of value added silk items is being encouraged through assistance to exporters for participation in fairs and exhibi-
. tions a broad, market research & surveys, etc.

SHRIMATI S.G. INDIRA: Sir my first supplementary is this. I have gone through the answer, and in that answer, the Minister has accepted that there has been a significant increase in the import of raw silk and silk fabric from China. Sir, the Government had imposed anti-dumping duty on all imported mulberry raw silk of international grade-2A and below; yet grade-2A variety of silk is being marked as grade-3A variety, which is spared of anti-dumping duty, and pushed into India. Though the silk consignment bear a mark of the Chinese language that the commodity is of 2A variety according to the international standards, it is simply passing the scrutiny of the officials who don't know the Chinese language.

MR. CHAIRMAN: Please put your question.

SHRIMATI S.G. INDIRA: Sir, I would like to know from the hon. Minister
whether the Government is aware of the fact that inferior quality of Chinese silk, at lower rates, is entering into India, and there is a dumping all over the country. I would like to know what steps the Government has taken in this regard.

श्री शंकर सिंह वाघेला : चेयरमैंन सर, चाईना का डम्पिंग न सिर्फ सिल्क में, बल्कि कई ऐसी चीजों में हैं,जिसके बारें में हिन्दुस्तान चिन्तित है जब डब्ल्यू. टी. ओ का रिजीम नहीं था, तब चाईना से इम्पोर्ट बैन था । लेकिन डब्ल्यू.टी.ओ. के नीचे हमें जो भी इम्पोर्ट करना पड़ता है, चेयरमैन सर, वह इम्पोर्ट इतना है कि 25 हजार टन की हमारे देश में डिमांड है,15 हजार मीट्रिक टन लोकल प्रोडक्शऩ होता है तकरीबन 10 हजार मीट्रिक टन का डिमांड है, उतना ही इम्पोर्ट यानी कि चाईना से 9 हजार मीट्रिक टन की इम्पोर्ट होता है और वह भी इस पर 30 परसेंट डयूटी लगाने के बाद । अगर इस पर और बैन लगेगा तो हो सकता है कि स्मगलिंग होकर भी हमारे यहां आए । इसलिए चाईना इम्पोर्ट की जितनी चिन्ता हमें करनी चाहिए, उसकी पूरी चिन्ता हम करते है ।

SHRIMATI S.G INDIRA: Sir, I would like to put my second supplementary. The Standing Committee presented its report to the House almost 9-10 years back. In that, it was mentioned whether the Government had ever considered lowering the cost of inputs that went into the production of silk; and, also taken steps to increase the silk production as a possible remedy to prevent dumping.

MR. CHAIRMAN: What is your question?

SHRIMATI S.G. INDIRA: Sir, the target set by the Central Silk Board to achieve silk sufficiency, or the production of silk, in the country, has declined. The Ministry itself has accepted it in the answer. It has also

mentioned that there are so many programmes and schemes on improvement of the internal silk production. It is also a fact that there is a decline in the Mulberry silk production in the country. It has dipped from 16,200 tonnes in 2002-03 to 14,611 tonnes in 2003-2004. That shows the decline. In this regard, I would like to know what steps the Government is taking to improve its production.

श्री शंकर सिंह वाघेला : चेयरमैन सर, दो साल जो ड्रॉट रहा, अकाल रहा, उससे टोटल प्रोडक्शन जो होना चाहिए था, वह प्रोडक्शन कम हुआ है । इसलिए अकाल के हिसाब से प्रोडक्शन कम हुआ है । लेकिन आपने जो बताया तो हमने रिसर्च और डेवलपमेंट के लिए इतने स्टेप्स लिए है । बाकी जो गवर्नमेंट की स्कीम्स है, टैक्निकल असस्टेंस जो फार्मर्स ओर विलेजर्स को मेंटेनेन्स में और भी देना चाहिए, उसकी पूरी लिस्ट है, जिसे पढ़ने में मै पूरा समय खराब नहीं करूगां, लेकिन जवाब में दिया गया है कि हम ज्यादा प्रोडक्शन के लिए और क्वालिटी के लिए क्या करने जा रहे है । पूरे एनैलेसिस में इसका जवाब है ।

SHRIMATI BIMBARAIKAR: Sir, I would like to say that a large number of farmers in Karnataka are engaged in sericulture. Sericulture is a very important industry in Karnataka. It is in the domestic industry by which all women are benefited. And, now, because of dumping of the Chinese silk, the weavers are affected and their families too are affected.

The Centre has not taken any decision or steps except imposing a nominal countervailing duty on silk imports from China. This is not enough. Sir, I would like to know from the hon. Minister whether they are going to take stringent steps to ban dumping of Chinese silk, or, the situation would continue just like that.

श्री शंकर सिंह वाघेला : सर, इतना तो सवाल ही पैदा नहीं होता है, जो भी एकाउंट्स मेण्टेन करने होते है वे तो हम करते ही है, लेकिन यह चिंता भी नहीं करनी चाहिए कि चीन इतना डम्पिगं कर रहा है, गलत है । हमारा जो प्रोडक्शन और डिमांड है, इसके पीछे जो 10,000 मीट्रिक टन का गेप है, उस गेप की पूर्ति के लिए हम 9000 मीट्रिक टन इम्पोर्ट कर रहे है । इसलिए वह डम्पिंग वाली बात सही नहीं है । जहां तक वीवर्स के बारे में है, जरूर चिंता हमको है कि वीवर्स को जो काम मिलना चाहिए वह काम नहीं मिलता है । चीन का कुछ सिल्क तो मस्ट है, बनारस के लोगों का इसके इम्पोर्ट करने के लिए आग्रह है कि हमारे यहां चीन का सिल्क आना चाहिए । मैं मानता हूं, वीवर्स की चिंता जरूर करनी चाहिए और इसके लिए हेंडलूम और बाकी दूसरी हमारी टेक्सटाइल मिनिस्ट्री की स्कीम है और इसके पीछे वीवर्स के बारें में चिंता है कि जो वह सुसाइड भी करते है, तकलीफ भी उनकी है, वह नहीं होनी चाहिए। वीवर्स के बारें मे चिंता भारत सरकार करेगी, लेकिन इम्पोर्ट की चिंता इतनी नहीं है, जितनी हम बाहर से देख रहे हैं ।

श्रीमती सविता शारदा : सभापति महोदय, अभी मंत्री महोदय ने स्वंय ही अपने उत्तर में कहा है कि काफी इसमें हमको सिल्क में लोस उठाना पड़ रहा है । सर, मैं प्रेक्टीकली बात कर रही हूं क्योंकि हमारी ही मिल में प्योर सिल्क बनती है, लेकिन मै मंत्री जी से यह कहना चाहती हूं कि इसमें हमारी नीतियां इतनी खराब हैं कि उसके कारण लोस ज्यादा हो रहा है और बाहर से लोग जो इम्पोर्ट कर रहे है, वह चल रहा है । एक्सपोर्ट न होने के कारण एक्साइज ड्सूटी और जो यार्न है,...

श्री सभापति : आप क्वेश्चन करिए ।

श्री मति सविता शारदा : सर, जो यार्न है, वह जो बाहर से आता है, वह सस्ता पड़ता है, यहां का यार्न महंगा पड़ता है और कारीगर भी ठीक नहीं मिलते है और जो अधिकारी है, वह यार्न को लेकर उसमें इतनी ज्यादा ड्यूटी वगैरह डालते है ।

श्री सभापति : आप सिर्फ क्वैश्चन करिए ।

श्रीमति सविता शारदा : सर, मैं वही पूछ रही हूं, मेरा मंत्री जी से यह प्रश्न है कि रेशम का निर्यात करने के लिए या रेशम अपने भारत में ही उचित दामों में मिले, इसके लिए आपने ये जो दस कदम उठाए है, लेकिन असल में जो आपकी नीतियां है, उससे वे वीवर्स तक पहुंच पाएंगे और क्या इसका लाभ लोगों को मिलेगा? यह मैं पूछना चाहती हूं ।

श्री शंकर सिंह वाघेला : चेयरमैन साहब, इन नीतियों में 6 महीने से थोड़ा फर्क पड़ा है, बाकी ते आपकी ही नीतियों पर हम चल रहे है, इसलिए आप नीतियों की चिंता जो कर रही है, वे मत करिए । सिल्क का सबसे बड़ा एक्सपोर्ट दुनिया में चीन है इसके बाद दूसरा एक्सपोर्टर और प्रोड्यूसर हिंदुस्तान है, हमारा नंबर दूसरे पर है, लेकिन फर्क बहुत है । इसमें हमारा जो वर्ष 2001-2002 में एक्सपोर्ट हुआ, यह हमने 2421 करोड़ रूपए का एक्सपोर्ट किया था और आज 2576 करोड़ का एक्सपोर्ट हम कर रहे है । इसमें एक्सपोर्ट बढ़ा है, कम नहीं हुआ है । एक्सपोर्ट जिस हिसाब से बढ़ना चाहिए, वह बढ़ रहा है । आपने जो स्कीम की बात की, वे स्कीम इसमें है और ये इंपलीमेंटेशन में है । जितना भी एक्सपोर्ट में ध्यान देना चाहिए, वह ध्यान पूरा हम देते है ।

श्री सभापति : श्रीमति वंगा गीता ।

श्री मोती लाल वोरा : सर, मेरा भी प्रश्न है ।

श्री सभापति : नहीं, आज महिलाएं पूछ सकती है, आप नहीं पूछ सकते ।

श्री मोती लाल वोरा : सर, बहुत महत्वपूर्ण है ।

श्री सभापति : महत्वपूर्ण है, इसलिए महिलाओं के लिए प्रश्न रिजर्व किया है ।

SHRIMATI VANGA GEETHA: Sir, the hon. Minister himself has admitted in his reply that China is dumping silk into India and, as a result, our

weavers are affected. So, I would like to know from the hon. Minister whether the Government of India has conducted any study on the effects of dumping of Chinese sarees that are affecting our trade and thereby causing a lot of loss to our silk weavers. I would also like to know from the hon. Minister whether the Government of India would convene a meeting with the representatives of silk weavers to take their views into consideration and, whether any suitable package to counter the dumping of silk sarees from China is going to be announced by the Government. If yes, the details may be given.

श्री शंकर सिंह वाघेला : चेयरमैन साहब, राइटिंग में जो जवाब मैंने दिया है, वही जवाब है । वीवर्स के बारे मे सेंटर सिल्क बोर्ड पूरी चिंता करता है । यह प्रश्न दो हिस्सों में है, एक जो ककून पैदा करते है । फार्मर्स, इनको सही दाम मिलना चाहिए, दूसरा यह कि जो रा-मेटिरियल इम्पोर्ट करते है, चाहे वह फैबरिक हो या रा-सिल्क हो, इन दोनों के बारे में जो वीवर्स को प्रोब्लम है, वह है कॉस्ट ऑफ प्रोडक्शन में चीन का डम्पिंग । चीन का कल जो भाव था और आज जो भाव है वे इतने नीचे भाव से डंपिंग कर रहे है, लेकिन फिर भी इम्पोर्ट ड्यूटी और बाकी जो एक्शन लिए है, उस हिसाब से 9000 मीट्रिक टन से ज्यादा इम्पोर्ट नहीं हो रहा है । वीवर्स के लिए एक डोमेस्टिक मार्केट जो है उसमें पैरिटी में , कंपरिजन में जो मशीनरी के हिसाब से दूसरे लोग कंपटीशन में आ रहे है , इससे भी उनको प्रोब्लम हो रही है । उसको ज्यादा प्रोब्लस न हो, इसके लिए टेक्सटाइल मिनिस्टरी की स्कीम है, हेंडलूम और बाकी की, उसकी पैरिटी में उसको कलस्टर में लाने का हम सोच रहे है ।

*303. [The questioner (Shrimati Hema Malini) was absent. For answer *vide* page 31.]

Categorisation of Orissa as B-1 State

*304. MS. PRAMILABOHIDAR:†
SHRI B.J. PANDA:

Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Chief Minister of Orissa has made a request to categorize Orissa in a B-1 State in line with three of its neighbours to enable it to get Central assistance at a higher ratio;

(b) whether he has also asked for creation of a Corpus Fund for meeting expenses relating to security related matters; and

(c) if so, the status of these proposals and the time-frame within which these proposals would be cleared?

†The question was actually asked on the floor of the House by Ms. Pramila Bohidar.